Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up rural branches of nationalised banks in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्रांतर्गत शिवहर के अत्यंत पिछड़ेपन की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं! ज्ञात हो कि शिवहर जिला आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टिकोण से पिछड़ा हुआ इलाका है, जहां पर लोगों को व्यवसाय एवं उद्योग चालू करने में सहायक बैंकिंग सुविधाओं के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हैं । आज केन्द्र प्रायोजित अधिकतर योजनाओं का लाभ लाभार्थी के बीच सरकारी बैंकों द्वारा डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर के माध्यम से दिया जा रहा है परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र में सरकारी बैंकों की ग्रामीण शाखायें पर्याप्त संख्या में नहीं हैं । शिवहर जिला में बैंक ऑफ बड़ौदा को आर. बी.आई. से अग्रणी बैंक का दर्जा प्राप्त है जिस कारण आर.बी.आई. के मापदंड के अनुरूप लीड बैंक की विशेष सुविधायें भी मिलती हैं । परन्तु दु:ख के साथ सूचित करना चाहती हूं कि जिले का लीड बैंक होने के बावजूद यहां पिछले लगभग एक वर्ष से लीड बैंक मैनेजर का पद खाली है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन पर पड़ रहा है और लोगों को सरकार की कई जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है ।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के पिछड़ेपन को दूर करने हेतु सरकारी बैंकों की ग्रामीण शाखायें वर्तमान आवश्यकता के अनुपात में खोली जायें एवं ग्रामीण बैंकों की शाखाओं की संख्या बढ़ाई जाये ।